# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में जयपुर बाल महोत्सव का आयोजन कब किया जाएगा?**

(A) 2 से 5 मई तक

(B) 4 से 6 मई तक

(C) 14 से 17 मई तक

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने जयपुर में सिविल लाइन्स स्थित अपने निवास पर "जयपुर बाल महोत्सव" का पोस्टर जारी किया।
- कार्यक्रम का आयोजन 4 से 6 मई तक सांगानेर स्थित पिंजरा पोल गोशाला में आयोजित किया जाएगा
- यह पहल प्रदेश में पहली बार हो रही है।
- डिजिटल बाल मेला के तहत शुरू किए गए इस अभियान में राजस्थान के सभी जिलों की झलक देखने को मिलेगी। 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे अपने-अपने जिले की विशेषताओं को वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत कर रहे हैं।

## Yesterday Revision

01. राजस्थान बजट 2026-27 में प्रदेश में एक हजार अतिरिक्त अटल ज्ञान केंद्रों की स्थापना करने की घोषणा की है।

02. जयपुर में 23 से 25 मई को ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026 आयोजित होगा

03. राजस्थान की राजधानी जयपुर में पर्यटन को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए जयपुर पुलिस अब एक हाईटेक ऐप (पिंक गाइड ऐप) बनाने जा रही है

04. प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत15वें वित्त आयोग के तहत राजस्थान को विगत 5 वर्ष में करीब 4 हजार 300 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, जिसमें से लगभग 2 हजार 700 करोड़ रुपये की राशि विगत 4 माह में जारी हुई है।

05. माय भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म :राजस्थान में 17 लाख से अधिक युवा पंजीकृत

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A)5 अप्रैल 2026 को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 'इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-2' आयोजित की गई

(B) कचनार चौधरी का महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में प्रथम स्थान

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) द्वारा 5 अप्रैल 2026 को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 'इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-2' आयोजित की गई

• विशेष : राजस्थान के 12 एथलीट विभिन्न स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान पर रहे

- कचनार चौधरी : महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में प्रथम (15.75 मीटर)
- सुमन शर्मा : द्वितीय (15.09 मीटर)
- कविता कुमारी : तृतीय (13.75 मीटर)
- निकिता पूनिया : अंडर-20 हैमर थ्रो में प्रथम (47.93 मीटर)
- रिंकू : द्वितीय (36.80 मीटर)
- गुरप्रीत सिंह : अंडर-20 ट्रिपल जंप में प्रथम (14.72 मीटर)

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) प्रदेश में राजस्थान होमस्टे (पेईंग गेस्ट हाउस) योजना-2026 लागू है

(2) योजना में प्रति आवासीय इकाई अनुमत कमरों की अधिकतम संख्या 5 से बढ़ाकर 10 की गई है

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' और 'ईज ऑफ लिविंग' के संकल्प के साथ प्रदेश में 'राजस्थान होमस्टे (पेईंग गेस्ट हाउस) योजना-2026' को प्रभावी रूप से लागू किया गया है।
- इस योजना को केंद्र सरकार के डीरेगुलेशन 2.0 उपायों और ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस की भावना के अनुरूप सरलीकृत किया गया है।
- यह योजना राज्य में पर्यटन गतिविधियों को विकेन्द्रीकृत करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने तथा छोटे स्तर के उद्यम को बढ़ावा देगी।
- योजना में लाइसेंस प्रक्रिया को कम कर, मंजूरी को डिजिटल व तेज बनाया गया है। पहले जहां होम स्टे शुरू करने के लिए कई विभागों की अनुमति और अधिक कागजी कार्यवाही करनी पड़ती थी, अब सिंगल विंडो सिस्टम, कम दस्तावेज और आसान रजिस्ट्रेशन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।
- राजस्थान होमस्टे (पेईंग गेस्ट हाउस) योजना-2026' के तहत प्रति आवासीय इकाई अनुमत कमरों की अधिकतम संख्या 5 से बढ़ाकर 8 कर दी गई है, जबकि अधिकतम बेड क्षमता 24 निर्धारित की गई है

**03. हाल ही में राजस्थान फिजियो समिट-2026" का आयोजन राजस्थान में कहां किया गया?**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) कोटा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजधानी जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में 6 अप्रैल से दो दिवसीय “राजस्थान फिजियो समिट-2026” का भव्य शुभारंभ हुआ। “फिजियोथेरेपी से फिजियोपैथी” थीम पर आयोजित
- राजस्थान फिजियो समिट-2026 का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया
- समिट का उद्देश्य फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में ज्ञानवर्धन, नवाचार को बढ़ावा देना, शोध को प्रोत्साहित करना तथा चिकित्सकों और छात्रों के बीच संवाद स्थापित करना है।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) जयपुर में पहली बार क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन, पश्चिम क्षेत्र जोनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन 7 अप्रैल को होगा

(2) इस सम्मेलन का उद्घाटन कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने और बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से 7 अप्रैल को जयपुर में पहली बार क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन, पश्चिम क्षेत्र जोनल कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन का उद्घाटन कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रहेंगे।
- इस जोनल कॉन्फ्रेंस में गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित पांच राज्यों के कृषि मंत्री, प्रमुख सचिव, सचिव, निदेशक और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।
- राजस्थान में कुल 99.28 लाख हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र है जिसमें से सूक्ष्म सिंचाई द्वारा 32.49 लाख हैक्टेयर सिंचित है

05. उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किसके द्वारा लिखित पुस्तक व्यावसायिक अर्थशास्त्र' का विमोचन किया?

(A) डॉ. सीमा दाधीच

(B) डॉ. रोशनी बिश्नोई

(C) डॉ. रमन सिंह

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय की अतिथि शिक्षिका डॉ. सीमा दाधीच की पुस्तक 'व्यावसायिक अर्थशास्त्र' का विमोचन उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किया।
- बैरवा ने कहा कि वाणिज्य विषय में गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री की कमी को यह पुस्तक काफी हद तक पूरा करेगी।
- यह डॉ. दाधीच की चौथी पुस्तक है। उनकी पूर्व प्रकाशित पुस्तकें विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल हैं। उनके कई शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं तथा शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में उन्हें कई सम्मान मिल चुके हैं।

जयपुर, शनिवार, 04 अप्रैल, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-44

1. **राज्य** में 'विकसित ग्राम-विकसित वार्ड अभियान' के तहत प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग में डिजिटल मैपिंग को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान सरकार किस संस्थान का सहयोग ले रही है?
(A) इसरो
(B) बीआईएसएजी-एन
(C) राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र
(D) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

2. **विकसित** ग्राम-विकसित वार्ड अभियान के तहत स्थानीय लोगों के सुझावों के आधार पर किन वर्षों की भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा गांवों और शहरों के विकास का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है?
(A) वर्ष 2030, 2035 और 2047
(B) वर्ष 2028, 2030 और 2040
(C) वर्ष 2027, 2032 और 2042
(D) वर्ष 2030, 2040 और 2050

3. **राजस्थान** सरकार द्वारा किस नदी प्रणाली/मार्ग को 'राष्ट्रीय जलमार्ग-48' के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है?
(A) चम्बल-बनास मार्ग
(B) जवाई-लूनी-रण ऑफ कच्छ मार्ग
(C) माही-सोम मार्ग
(D) घग्गर-सतलुज मार्ग

4. **राष्ट्रीय** जलमार्ग-48 की विस्तृत अध्ययन रिपोर्ट और अनुमानित ट्रैफिक रिपोर्ट तैयार करने का जिम्मा किन संस्थाओं को सौंपा गया है?
(A) भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण और आईआईटी मद्रास
(B) नीति आयोग और आईआईटी दिल्ली
(C) जल शक्ति मंत्रालय और आईआईटी जोधपुर
(D) राजस्थान जल संसाधन विभाग और आईआईएम उदयपुर

5. **राज्य** सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के तहत दी जाने वाली अतिरिक्त सहायता राशि को बढ़ाकर अब प्रतिवर्ष कितना कर दिया गया है?
(A) 2,000 रुपये (B) 3,000 रुपये
(C) 6,000 रुपये (D) 12,000 रुपये

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. पर्यटन को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए किस जिले की पुलिस ने एक हाईटेक ऐप विकसित किया है**

(A) जोधपुर पुलिस

(B) जयपुर पुलिस

(C) कोटा पुलिस

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine